# कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड।

**विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सचिवालय परिसर, 04–सुभाष रोड़ देहरादून।**
**टेलीफोन– 0135–2713551, 2713552 एवं 2713724**
**Email ID = election09@gmail.com & ceo_uttaranchal@eci.gov.in**

संख्या– 165 /XXV – 01 / 2024 दिनांकः देहरादून 13 जनवरी, 2024

**–ः शुद्धि पत्र (Corrigendum)ः–**

**लोक सभा सामान्य निर्वाचन हेतु मतदेय स्थलों के प्रयोगार्थ विभिन्न प्रकार के सांविधिक एवं असांविधिक प्रपत्रों, लिफाफों, रजिस्टर, मतदाता पर्ची की छपाई–आपूर्ति हेतु निविदा संख्या–23 दिनांक 02 जनवरी, 2024 के आलोक में दिनांक 10 जनवरी, 2024 को आहूत प्रि–बिड मीटिंग का कार्यवृत्त।**

**बैठक की उपस्थिति निम्न प्रकार रहीः–**

1– अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
2– वित्त नियन्त्रक, कार्या0 मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
3– सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
4– अनुभाग अधिकारी, कार्या0 मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
5– श्री सौरभ, सरस्वती प्रेस, निकट सब्जी मण्डी, निरंजनपुर, देहरादून।
6– श्री विक्रम भारद्वाज, उमा पेपर एण्ड एलाईड इण्डस्ट्रीज, लखनऊ।
7– श्री ए.डी. कुरेशी, प्रतिनिधि, अशोका पेपर प्रोडक्टस, नई दिल्ली।
8– श्री नवीन जदली, जेठूड़ी प्रिन्टर्स, देहरादून
9– श्री कमलदीप, ए0बी0 इण्टर प्राईजेज, चकराता रोड़, देहरादून।
10– श्री मयंक, मानसरोबर प्रिन्टर्स, करनपुर, देहरादून।
11– मै. प्रिन्ट लाईन, शांति विहार, कारगी ग्रान्ट, देहरादून।
12– मै. जय प्रकाश एण्ड सन्स, देहरादून।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्री–बिड मीटिंग में उपस्थित उक्त अधिकारियों/प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारम्भ कर चर्चा की गयी। उक्तानुसार विभिन्न फर्मों के प्रतिनिधियों द्वारा अपने सुझाव लिखित/मौखिक रूप से प्रस्तुत किए गए :–

**1–श्री सौरभ, सरस्वती प्रेस द्वारा अपने पत्रांक 10.1.2024 द्वारा निम्न प्रकार सुझाव प्रस्तुत किया गया–**

ई–निविदा के पृष्ठ संख्या–13 में बिन्दु संख्या–क, ख एवं ग जिसमें एक मुश्त आदेश 15–15 लाख, 25–25–लाख एवं 40–लाख का मांगा गया है जो देना सम्भव नहीं है। उनके द्वारा सुझाव दिया गया कि एक मुश्त आदेश का मूल्य कम किया जाए या किसी अन्य विभागों में किए गए साल भर के कार्य का मूल्य एक साथ मांगा जाए।

**2–श्री विक्रम भारद्वाज, उमा पेपर एण्ड एलाईड इण्डस्ट्रीज, लखनऊ।**

The time for completing the work order after issuing of order shall be 30 days, including the proof reading and time for delivery.

**3–श्री ए.डी. कुरेशी, प्रतिनिधि, अशोका पेपर प्रोडक्टस, नई दिल्ली।**

1. Due to all envelopes are self Gumming time given 7 days in your tender condition. Not sufficient please allow at least 30 days.
2. We are registered MSME heaving a NSIC exempted to deposit the Tender EMD as per central Govt. Rule, in your tender NIT also allow exemption 'Yes'.

3. Please request to provide us all 13 Delivery address for delivery.

**4–श्री कमलदीप, ए0 बी0 इण्टरप्राईजेज द्वारा अपने पत्रांक 8.1.2024 द्वारा निम्न प्रकार सुझाव प्रस्तुत किया गया–**

ई–निविदा के पृष्ठ संख्या–13 में बिन्दु संख्या–क, ख, ग, इन तीनों में 15–15 लाख, 25–25–लाख या 40–लाख का एक सिंगल आदेश मांगा हुआ है, जो कि दे पाना सम्भव नहीं है। यदि विभाग कहता है कि किसी भी संस्थान का सालभर का किया हुआ कार्य, जो कि 15–15 लाख, 25–25 लाख या 40 लाख का हो वह दे पाना सम्भव है।

**5– श्री मयंक, मानसरोबर प्रिन्टर्स देहरादून** द्वारा अपने पत्र दिनांक 09–01–2024 में निम्न प्रकार लिखित रूप ई–निविदा संख्या–23/XXV–01/2024 दिनांक 2–1–2024 के सम्बन्ध में सुझाव प्रस्तुत किया गया–

(1) Page 12 point No. 77 sub clause (क) (ख) (ग) where multiple type of work amount experience has been asked for.

(क) Why 15-15 Lakh three order required in one financial year.

(ख) 25-25 Lakh two order required in one financial year.

(ग) 40 Lakh one order required in on financial Year when turnover and networth of the firm along with earnest money has been asked for so the above three points may please be elimineted from the Tender document.

**6–श्री नवीन जदली, जेठूड़ी प्रिन्टर्स, द्वारा अपने पत्रांक 10.1.2024 द्वारा निम्न प्रकार सुझाव प्रस्तुत किया गया–**

ई–निविदा में जो टर्नओवर की सीमा रखी गयी है, एक कार्य के लिए 40 लाख रूपये, यह उत्तराखण्ड के व्यापार अनुसार बहुत अधिक रखी गयी है। कृपया कार्य की समय अवधि और टर्नओवर पर विचार कर टेण्डर को अनुकूलता प्रदान करें।

**7–मै. प्रिन्ट लाईन, शांति विहार, कारगी ग्रान्ट, देहरादून।** द्वारा अपने अहस्ताक्षरित पत्र दिनांक 09.01.2024 के द्वारा निम्न प्रकार सुझाव प्रस्तुत किए गएः–

1– निविदा के बिन्दु संख्या–7 पात्रता हेतु मानदण्ड के 7.7 में पांच वर्षों मे से किसी एक वित्तीय वर्ष में केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया कार्यपूर्ति एवं अंतिम भुगतान का स्पष्ट प्रमाण पत्र होना चाहिएः–

(क)– किसी भी एक वित्तीय वर्ष में 15–15 लाख के तीन अलग–अलग आदेश या

(ख)– किसी भी एक वित्तीय वर्ष में 25–25 लाख के दो अलग–अलग आदेश या

(ग)– किसी भी एक वित्तीय वर्ष में 40 लाख का एक सिंगल आदेश।

उपरोक्त के स्थान पर 8–8 लाख के तीन, 10–10 लाख के दो या 15 लाख का सिंगल आदेश करने की कृपा करें।

2– चूंकि अधिकांश विभागों द्वारा कार्यादेश के बाद अंतिम भुगतान अथवा अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जाते हैं अतः उक्त के आदेश की कॉपी को ही अंतिम मान लिया जाय।

3– निविदा के बिन्दु संख्या–8.2 पर ईएमडी की धनराशि कार्य की अनुमानित लागत से काफी अधिक है जिससे निविदा में भागीदारों की संख्या बहुत कम रहेगी।

4. अतः ईएमडी को संशोधित कर 50,000.00 (पचास हजार रूपये रखा जाय)।

**8–मै. जय प्रकाश एण्ड सन्स, देहरादून।**

Kindly refer to the pre-bid meeting for supply of printed stationery items for upcoming Lok Sabha Election vide your tender enquiry no. 23 dated 02.01.2024. I wish to draw your attention to the following.

Please note that a single BOQ has been created for all 9 printing items. It is a very tedious task to deliver all the 9 items to the 13 district election offices of the state, considering the volume of printing work and the short delivery period of time. The complete work shall be divided into small parts to ensure prompt and timely delivery of ordered material. Therefore, I hereby request you to create seperate BOQ files in place of a single BOQ file. Looking forward to your acceptance and prompt response.

**9-** प्रि–बिड बैठक में उपस्थित फर्मों के प्रतिनिधियों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि, प्रपत्रों की छपाई–आपूर्ति तथा लिफाफों की छपाई–आपूर्ति के लिए एक ही वित्तीय निविदा तैयार की गयी है, जबकि दोनों काम की भौतिक/प्रयोगात्मक प्रकृति अलग–अलग है। कार्य को निर्देशानुसार समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए प्रपत्रों की छपाई–आपूर्ति तथा लिफाफों की छपाई–आपूर्ति के लिए अलग–अलग वित्तीय प्रस्ताव (बीओक्यू) प्रस्तुत करने के लिए निविदा में संशोधन करने का सुझाव उपस्थित फर्म प्रतिनिधियों द्वारा दिया गया।

**10–** प्रि–बिड बैठक में उपस्थित फर्मों के प्रतिनिधियों द्वारा निविदा संख्या–23 के पृष्ठ संख्या–2 में अंकित तालिका के अंतिम कॉलम में अंकित मात्रा में अंको तथा शब्दों में अलग–अलग अंकित होने को भी रेखांकित किया गया। कार्यालय द्वारा 15000 बुकलेट (शब्दों में अट्ठारह हजार बुकलेट) को टंकण त्रुटि माना गया है जिसे पन्द्रह हजार ही पढ़ा एवं समझा जाए, इस तथ्य से फर्म के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया।

**2– उपरोक्तानुसार प्रि–बिड बैठक में मौखिक एवं लिखित रूप से प्राप्त सुझावों के आधार पर निविदा में अधिक से अधिक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित किए जाने तथा निर्वाचन कार्यों की महत्ता एवं समयबद्धता को ध्यान में रखते हुए शासकीय कार्यहित में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है :–**

**2.1– निविदा संख्या–23 बिन्दु संख्या–4, पृष्ठ संख्या–2 कार्य क्षेत्र में समाहित कार्य का विवरण (Scope of Work)**

| क्र.सं. | भाग | निविदा कार्य का विवरण | अनुमानित मात्रा | संशोधित अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भाग–ए (Part-A) | 1.मतदेय स्थलों के प्रयोगार्थ कुल–34 प्रकार के अलग–अलग साईज एवं रंग में विभिन्न प्रकार के सांविधिक/असांविधिक लिफाफों की छपाई, बुकलेट तैयार कर, राज्य के 13 जिला निर्वाचन कार्यालयों तक आपूर्ति करना। | 15000 बुकलेट (अट्ठारह हजार बुकलेट) | 15000 बुकलेट (पन्द्रह हजार बुकलेट) |
| | | 2. विभिन्न प्रकार के लिफाफों की छपाई, पैकेटिंग एवं राज्य के 13 जिला निर्वाचन कार्यालयों तक आपूर्ति करना। | 8,52,700 लिफाफे (आठ लाख बावन हजार सात सौ लिफाफे) | 8,52,700 लिफाफे (आठ लाख बावन हजार सात सौ लिफाफे) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2. | भाग–बी (Part-B) | 1.मतदेय स्थलों के प्रयोगार्थ कुल–32 प्रकार के अलग–अलग रंग में विभिन्न प्रकार के सांविधिक/असांविधिक प्रपत्रों की छपाई, बुकलेट तैयार कर, राज्य के 13 जिला निर्वाचन कार्यालयों तक आपूर्ति करना। | 15000 बुकलेट (अट्ठारह हजार बुकलेट) | 15000 बुकलेट (पन्द्रह हजार बुकलेट) |
| | | 2.मतदेय स्थलों के प्रयोगार्थ लगभग 150 पेज का प्रारूप–17क पर मतदाता रजिस्टर की छपाई, बाईडिंग कर राज्य के 13 जिला निर्वाचन कार्यालयों तक आपूर्ति करना। | 15000 रस्टिर (अट्ठारह हजार बुकलेट) | 15000 रजिस्टर (पन्द्रह हजार रजिस्टर) |
| | | 3. राज्य के लगभग–85.00 लाख मतदाताओं के लिए मतदाता पर्ची Voter Slips Size 4.5X3" (एक A4 साईज के कागज पर आठ पर्चियों) की छपाई, 100–100 की गडी में पेस्टिंग तथा फिर 1000–1000 पर्चियों की गडी बनाकर राज्य के 13 जिला निर्वाचन कार्यालयों तक आपूर्ति करना। | लगभग 85.00 लाख मतदाता पर्ची | लगभग 85.00 लाख मतदाता पर्ची |

## 2.1.2– निविदा संख्या–23 बिन्दु संख्या–6.6 पृष्ठ संख्या–11

| पूर्व में निर्धारित | वर्तमान में यथा संशोधित |
|---|---|
| **6.6–** प्रपत्रों की प्रत्येक बुकलेट का प्रारम्भ पेज Index पेज होगा जिसमें प्रत्येक पृष्ठवार फार्मों का स्पष्ट विवरण एवं पेज नम्बर अंकित किया जायेगा कि किस क्रमांक पर कौन सा फार्म है। प्रत्येक फार्म के ऊपर दाँई ओर वर्गाकार बॉक्स के अन्दर मोटे फॉन्ट में फार्म की क्रम संख्या एवं नीचे फूटर में भारत निर्वाचन आयोग एवं उत्तराखण्ड के मल्टीकलर लोगो सहित विभागीय स्लोगन भी हिन्दी/अंग्रेजी में प्रिन्ट करना होगा। | **6.6–** प्रपत्रों की प्रत्येक बुकलेट का प्रारम्भ पेज Index पेज होगा जिसमें प्रत्येक पृष्ठवार फार्मों का स्पष्ट विवरण एवं पेज नम्बर अंकित किया जायेगा कि किस क्रमांक पर कौन सा फार्म है। प्रत्येक फार्म के ऊपर दाँई ओर वर्गाकार बॉक्स के अन्दर मोटे फॉन्ट में फार्म की क्रम संख्या एवं **नीचे फूटर में भारत निर्वाचन आयोग एवं उत्तराखण्ड के मल्टीकलर लोगो सहित विभागीय स्लोगन प्रिन्ट नहीं किया जाना है।** |

## 2.2– निविदा संख्या–23 बिन्दु संख्या–7.7 पृष्ठ संख्या–12 एवं 13

| पूर्व में निर्धारित | वर्तमान में यथा संशोधित |
|---|---|
| **7.7–** ई–निविदा–दाता का विगत पांच वर्षों (2018–19 से 2022–23) में से **किसी भी एक वित्तीय वर्ष में** केन्द्र / किसी राज्य सरकार के विभागों, केन्द्र / किसी राज्य सरकार के सार्वजनकि उपक्रमों, या केन्द्र / किसी राज्य सरकार के विश्वविद्यालयों, या स्वायतशसी निकायों, या अनुसंधान केन्द्र–केन्द्रों, या बैंक और वित्तीय संस्थानों, या स्थानीय निकायों अथवा प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों में पुस्तकों, प्रपत्रों–लिफाफों, मुद्रण योग्य स्टेशनरी, ब्रोशर, पैम्फलेट, परीक्षा प्रश्न–पत्र / उत्तर पुस्तिकाओं, आईईसी सामग्री या इसी प्रकार के समान प्रकृति के छपाई–आपूर्ति के संबंध में संबंधित विभाग / कार्यालय के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया कार्यपूर्ति एवं अंतिम भुगतान का स्पष्ट प्रमाण–पत्र होना चाहिएः–<br>**क–किसी भी एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 15.00–15.00 लाख (पन्द्रह–पन्द्रह लाख) के तीन अलग–अलग आदेश, या**<br>**ख–किसी भी एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 25.00–25.00 लाख (पच्चीस–पच्चीस लाख) के दो अलग–अलग आदेश, या**<br>**ग–किसी भी एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 40.00 लाख (चालीसलाख) का एक सिंगल आदेश।** | **7.7–** ई–निविदा–दाता का विगत पांच वर्षों (2018–19 से 2022–23) में से **किसी भी एक वित्तीय वर्ष में** केन्द्र / किसी राज्य सरकार के विभागों, केन्द्र / किसी राज्य सरकार के सार्वजनकि उपक्रमों, या केन्द्र / किसी राज्य सरकार के विश्वविद्यालयों, या स्वायतशसी निकायों, या अनुसंधान केन्द्र–केन्द्रों, या बैंक और वित्तीय संस्थानों, या स्थानीय निकायों अथवा प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों में पुस्तकों, प्रपत्रों–लिफाफों, मुद्रण योग्य स्टेशनरी, ब्रोशर, पैम्फलेट, परीक्षा प्रश्न–पत्र / उत्तर पुस्तिकाओं, आईईसी सामग्री या इसी प्रकार के समान प्रकृति के छपाई–आपूर्ति के संबंध में संबंधित विभाग / कार्यालय के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया कार्यपूर्ति एवं अंतिम भुगतान का स्पष्ट प्रमाण–पत्र होना चाहिएः–<br>**क–किसी भी एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 7.00–7.00 लाख (सात–सात लाख) के तीन अलग–अलग आदेश, या**<br>**ख–किसी भी एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 10.00–10.00 लाख (दस–दस लाख) के दो अलग–अलग आदेश, या**<br>**ग–किसी भी एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 20.00 लाख (बीस लाख) का एक सिंगल आदेश।** |
| **पृष्ठ संख्या–17 के प्रस्तर– 9.6**<br>**9.6–** विगत पांच वर्षों (2018–19 से 2022–23) में से **किसी भी एक वित्तीय वर्ष में** केन्द्र / किसी राज्य सरकार के विभागों, केन्द्र / किसी राज्य सरकार के सार्वजनकि उपक्रमों, या केन्द्र / किसी राज्य सरकार के विश्वविद्यालयों, या स्वायतशसी निकायों, या अनुसंधान केन्द्र–केन्द्रों, या बैंक और वित्तीय संस्थानों, या स्थानीय निकायों अथवा प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों में पुस्तकों, प्रपत्रों–लिफाफों, मुद्रण योग्य स्टेशनरी, ब्रोशर, पैम्फलेट, परीक्षा प्रश्न–पत्र / उत्तर पुस्तिकाओं, आईईसी सामग्री या इसी प्रकार के समान प्रकृति के छपाई–आपूर्ति के संबंध में संबंधित विभाग / कार्यालय के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया कार्यपूर्ति एवं | **9.6–** विगत पांच वर्षों (2018–19 से 2022–23) में से **किसी भी एक वित्तीय वर्ष में** केन्द्र / किसी राज्य सरकार के विभागों, केन्द्र / किसी राज्य सरकार के सार्वजनकि उपक्रमों, या केन्द्र / किसी राज्य सरकार के विश्वविद्यालयों, या स्वायतशसी निकायों, या अनुसंधान केन्द्र–केन्द्रों, या बैंक और वित्तीय संस्थानों, या स्थानीय निकायों अथवा प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों में पुस्तकों, प्रपत्रों–लिफाफों, मुद्रण योग्य स्टेशनरी, ब्रोशर, पैम्फलेट, परीक्षा प्रश्न–पत्र / उत्तर पुस्तिकाओं, आईईसी सामग्री या इसी प्रकार के समान प्रकृति के छपाई–आपूर्ति के संबंध में संबंधित विभाग / कार्यालय के सक्षम |

| | |
|---|---|
| अंतिम भुगतान का स्पष्ट प्रमाण–पत्र अपलोड करना चाहिए:–<br>**क–किसी भी एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 15. 00–15.00 लाख (पन्द्रह–पन्द्रह लाख) के तीन अलग–अलग आदेश, या**<br>**ख–किसी भी एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 25. 00–25.00 लाख (पच्चीस–पच्चीस लाख) के दो अलग–अलग आदेश, या**<br>**ग–किसी भी एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 40.00 लाख (चालीसलाख) का एक सिंगल आदेश।** | अधिकारी द्वारा जारी किया गया कार्यपूर्ति एवं अंतिम भुगतान का स्पष्ट प्रमाण–पत्र अपलोड करना चाहिए:–<br>**क–किसी भी एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 7.00–7.00 लाख (सात–सात लाख) के तीन अलग–अलग आदेश, या**<br>**ख–किसी भी एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 10.00–10.00 लाख (दस–दस लाख) के दो अलग–अलग आदेश, या**<br>**ग–किसी भी एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 20.00 लाख (बीस लाख) का एक सिंगल आदेश।** |
| | **नया प्राविधान:–**<br>यदि किसी निविदा–दाता द्वारा निविदा के केवल किसी एक भाग अर्थात,<br>**1– "विभिन्न प्रकार के सांविधिक एवं असांविधिक लिफाफों की छपाई–आपूर्ति"**<br>अथवा<br>**2– "विभिन्न प्रकार के सांविधिक एवं असांविधिक प्रपत्रों–रजिस्टर एवं मतदाता पर्ची की छपाई–आपूर्ति"**<br>के लिए अपनी निविदा–प्रस्तुत की जाती है तो ऐसी स्थिति में पृष्ठ संख्या–15 के प्रस्तर–8.2 में निर्धारित EMD की धनराशि **रू. 1.50 लाख** के स्थान पर **रू. 75.00 हजार होगी। इसी प्रकार किसी भी एक वित्तीय वर्ष में**<br>**क–कम से कम 3.50–3.50 लाख (तीन लाख पचास हजार–तीन लाख पचास हजार) के तीन अलग–अलग आदेश, या**<br>**ख–कम से कम 5.00–5.00 लाख (पाँच–पाँच) के दो अलग–अलग आदेश, या**<br>**ग–कम से कम 10.00 लाख (दस लाख) का एक सिंगल आदेश। प्रस्तुत करना होगा।** |
| **पृष्ठ संख्या–25 के प्रस्तर–15.23**<br>कार्यादेश जारी होने के पश्चात निर्धारित समयान्तर्गत अपेक्षित सामग्री की आपूर्ति की जानी नितान्त आवश्यक होगी, विलम्बतम् एक सप्ताह अन्दर आपूर्ति न किये जाने की दशा में आपूर्ति आदेश को निरस्त समझा जायेगा और आपूर्ति आदेश की धनराशि के सापेक्ष ₹ 5% की धनराशि प्रतिदिन की दर से अर्थदण्ड (Penalty) के रूप में | कार्यादेश जारी होने के पश्चात निर्धारित समयान्तर्गत अपेक्षित सामग्री की आपूर्ति की जानी नितान्त आवश्यक होगी, **विलम्बतम् 15 दिन (पन्द्रह दिन)** अन्दर आपूर्ति न किये जाने की दशा में आपूर्ति आदेश को निरस्त समझा जायेगा और आपूर्ति आदेश की धनराशि के सापेक्ष ₹ 5% की धनराशि प्रतिदिन की दर से अर्थदण्ड (Penalty) के |

| | |
|---|---|
| वसूली की कार्यवाही करने के साथ–साथ सम्बन्धित फर्म की कार्यपूर्ति प्रतिभूति की धनराशि जब्त करते हुए ब्लेक लिस्टेड करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। अर्थदण्ड की कुल धनराशि आपूर्ति आदेश की धनराशि के सापेक्ष **10%** से अधिक नहीं होगी। | रूप में वसूली की कार्यवाही करने के साथ–साथ सम्बन्धित फर्म की कार्यपूर्ति प्रतिभूति की धनराशि जब्त करते हुए ब्लेक लिस्टेड करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। अर्थदण्ड की कुल धनराशि आपूर्ति आदेश की धनराशि के सापेक्ष **10%** से अधिक नहीं होगी। **अर्थात कार्यादेश जारी होने के पश्चात अनुबंधित फर्म को 15 दिन के अन्दर अपेक्षित सामग्री की निर्धारित माप, मात्रा एवं गुणवत्ता के साथ आपूर्ति करनी होगी। आपूर्ति निम्न प्रकार समस्त जिला निर्वाचन कार्यालयों में की जाएगी:–**<br>**1–जिला निर्वाचन कार्यालय, उत्तरकाशी।**<br>**2–जिला निर्वाचन कार्यालय, चमोली (गोपेश्वर)**<br>**3–जिला निर्वाचन कार्यालय रूद्रप्रयाग।**<br>**4–जिला निर्वाचन कार्यालय, टिहरी गढ़वाल (नई टिहरी)**<br>**5–जिला निर्वाचन कार्यालय–देहरादून।**<br>**6–जिला निर्वाचन कार्यालय हरिद्वार (रोशनाबाद)**<br>**7–जिला निर्वाचन कार्यालय पौड़ी गढ़वाल**<br>**8–जिला निर्वाचन कार्यालय पिथौरागढ़**<br>**9–जिला निर्वाचन कार्यालय, बागेश्वर**<br>**10–जिला निर्वाचन कार्यालय, अल्मोड़ा**<br>**11–जिला निर्वाचन कार्यालय, चम्पावत**<br>**12–जिला निर्वाचन कार्यालय, नैनीताल**<br>**13–जिला निर्वाचन कार्यालय, ऊधमसिहं नगर (रूद्रपुर)** |

**2.3–** सांविधिक एवं असांविधिक लिफाफों की बुकलेट में अलग–अलग खण्ड को प्रदर्शित करने के लिए 10 X 7 साईज के 100 GSM के सफेद मोटे कागज पर लगभग 7 (सात) Separator (विभाजक) प्रिन्ट कर लगाने होंगें, प्रत्येक Separator (विभाजक) पर मुद्रित होने वाली विषय–वस्तु से यथा समय कार्यादेश में उल्लेख कर अवगत करा दिया जाएगा।

**2.4–** उक्त के अतिरिक्त सांविधिक एवं असांविधिक प्रपत्रों (फॉर्मो) की बुकलेट में भी अलग–अलग खण्ड को प्रदर्शित करने के लिए 70 GSM के सफेद कागज पर लगभग 3 (तीन) Separator (विभाजक) प्रिन्ट कर लगाने होंगें, प्रत्येक Separator (विभाजक) पर मुद्रित होने वाली विषय–वस्तु से यथा समय कार्यादेश में उल्लेख कर अवगत करा दिया जाएगा।

**2.5–** निर्वाचन कार्यों की महत्ता, समयबद्धत्ता एवं तात्कालिकता को ध्यान में रखते हुए, निविदा संख्या–23 में पृष्ठ संख्या–19 प्रस्तर–10 में वित्तीय ई–निविदा को अब निम्न प्रकार सांविधिक–असांविधिक लिफाफों तथा सांविधिक–असांविधिक प्रपत्रों के लिए अलग–अलग निर्धारित किया जाता है। इच्छुक निविदा–दाता तदनुसार किसी भी एक कार्य के लिए अथवा दोनों कार्यों के लिए अलग–अलग वित्तीय प्रस्ताव (वित्तीय निविदा) प्रस्तुत कर सकते हैं:–

## वित्तीय ई–निविदा :–

**वित्तीय ई–निविदा** नियत BOQ के प्रारूप में ही नियमानुसार केवल ऑन लाईन प्रस्तुत की जायगी। BOQ में प्रस्तुत दरों में GST एवं अन्य कोई भी कर (Tax) सम्मिलित नहीं होगा। अर्थात ऑन लाईन BOQ में दरें Excluding all taxes ही प्रस्तुत की जायेंगी।

**वित्तीय ई–निविदा** के प्रारूप BOQ में दरें निम्न प्रकार की प्रस्तुत की जायेंगी:–

**ANNEXURE-1**

**मतदेय स्थलों के प्रयोगार्थ विभिन्न प्रकार के सांविधिक/असांविधिक लिफाफों आदि की छपाई–आपूर्ति हेतु**

**वित्तीय ई–निविदा हेतु प्रारूप BOQ**

| SL No. | Para & Part | Detail of Item | Estimated quantity in Numbers. | Base Rate (Excluding GST) | * Gross Amount (Excluding GST) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Para-5 Part-A | Item No. 1 to 34 (Booklet of all Envelopes) **(Rate Per Booklet)** | 15000 | | |
| 2. | Para-5 Part-A | Item No. 35 to 38 Total 04 Envelopes (Each Envelope=500) **Total Envelop = 2000 (Rate Per Envelope)** | 2000 | | |
| 3. | Para-5 Part-A | Item No. 39 Envelopes Black Pastel Paper **(Rate Per Envelope)** | 700 | | |
| 4. | Para-5 Part-A | Item No. 40 Envelopes (form13B Cover A) Size 9X4" **(Rate Per Envelope)** | 350000 | | |
| 5. | Para-5 Part-A | Item No. 41 Envelopes (Form 13C Cover B, Size 10 X 4.5" **(Rate Per Envelope)** | 350000 | | |
| 6. | Para-5 Part-A | Item No. 42 Envelopes (Envelope Size 11 X 5" **(Rate Per Envelope)** | 150000 | | |
| | | **Total -** | | | |

*** GST as applicable.**

**नोट :– कॉलम संख्या–6 के अंत में आगणित कुल (Last Total) न्यूनत्तम धनराशि के आधार पर ही किसी निविदा–दाता को L1 की श्रेणी में वर्गीकृत किया जायेगा।**

**प्रमाणित किया जाता है कि वित्तीय ई–निविदा में दर्शाई गई मूल दरें एवं GST हमारी व्यक्तिगत जानकारी के अनुसार सही हैं।**

**निविदा दाता फर्म का नाम**
**फर्म का पूरा पता–**
**एसटीडी कोड सहित टेलीफोन नम्बर–**
**जीएसटी नम्बर–**
**पैन नम्बर–**
**फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि का नाम–**
**मोबाईल नम्बर–**

## ANNEXURE-2

मतदेय स्थलों के प्रयोगार्थ विभिन्न प्रकार के सांविधिक/असांविधिक प्रपत्रों, मतदाता रजिस्टर एवं मतदाता पर्ची आदि की छपाई–आपूर्ति।

### वित्तीय ई–निविदा हेतु प्रारूप BOQ

| SL No. | Para & Part | Detail of Item | Estimated quantity in Numbers. | Base Rate (Excluding GST) | * Gross Amount (Excluding GST) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | **Para-6 Part-B** | Item No. 1 Register of Voters in Form-17-A (150 Page with 10 Row & 5 Column (Size 12"x 9") (Both side Hindi+English) (Rate Per Register) | 15000 | | |
| 2. | **Para-6 Part-B** | Item No. 2 to 05, and 07 to 34 Booklet of all Types of Forms **(Rate Per Booklet)** | 15000 | | |
| 3. | **Para-6 Part-B** | Item No. 6 Voter Slip (4.5X3") Total= 85.00 Lac Voter Slips (in Thousend = 8500) **(Rate Per 1000)** | 8500 | | |
| **Total -** | | | | | |

*** GST as applicable.**

नोट :– कॉलम संख्या–6 के अंत में आगणित कुल (**Last Total**) न्यूनत्तम धनराशि के आधार पर ही किसी निविदा–दाता को **L1** की श्रेणी में वर्गीकृत किया जायेगा।

प्रमाणित किया जाता है कि वित्तीय ई–निविदा में दर्शाई गई मूल दरें एवं GST हमारी व्यक्तिगत जानकारी के अनुसार सही हैं।

निविदा दाता फर्म का नाम
फर्म का पूरा पता–
एसटीडी कोड सहित टेलीफोन नम्बर–
जीएसटी नम्बर–
पैन नम्बर–
फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि का नाम–
मोबाईल नम्बर–

अतः इस कार्यालय की उपरोक्त निविदा सूचना संख्या–11/XXV – 01 / 2024 दिनांक 01 जनवरी, 2024 के साथ संलग्न निविदा संख्या–23/XXV – 01 / 2024 दिनांक 02 जनवरी, 2024 को इस सीमा तक संशोधित समझा व पढ़ा जाय।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उत्तराखण्ड।